| पृष्ठ-12 | मूल्य : 3.00 रुपये

卐 ।।श्री हरिः।। 卐

# सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

## रेलवे के अकाउंटिंग सिस्टम को सुधारेगा आईसीएआई

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे के लेखाजोखा की पद्धति को इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एंड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई) सुधारेगा। उम्मीद की जा रही है कि लेखाजोखा पद्धति में सुधार आने से

### राकेश सिंह बने आईसीएआई के अध्यक्ष

भारतीय रेलवे को यह पता चल सकेगा कि रेलवे किस मद में कितना रुपये खर्च करती है। आईसीएआई के नवनियुक्त अध्यक्ष सीएमए राकेश सिंह ने सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम के बाद बताया कि गवर्नमेंट अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स एडवाइजरी बोर्ड को रेलवे का अकाउंटिंग सिस्टम सुधारने का दायित्व दिया गया है और आईसीएआई सलाहकार बोर्ड का सदस्य है। गौरतलब है कि फिलहाल रेलवे का कैश बेसिस पर अकाउंट मेंटेन होता है। सिंह ने कहा कि रेलवे का अकाउंट एक्रुअल बेसिस पर किया जाएगा। अकाउंट विशेषज्ञों का कहना है कि एक्रुअल बेसिस ही वैज्ञानिक तरीका है और इस बेसिस से आय व्यय का पूरा लेखाजोखा मिल जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रेलमंत्री मुकुल राय उपस्थित थे।




उन्होंने आईसीएआई की कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि निकट भविष्य में यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सिंह ने कहा कि कास्ट को रोजमर्रा की जिंदगी में कभी भी महत्वपूर्ण नहीं माना गया लेकिन अब इसकी जरूरत समझी जा रही है। इन संस्थानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संस्था के अतिरिक्त सचिव सीएमए कौशिक बनर्जी, वाइस प्रेसिडेंट एस. सी. मोहंती सहित अन्य उपस्थित रहे।